भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न** संख्या- 1027
उत्तर देने की तारीख-10/02/2025

**केरल में नए केन्द्रीय विद्यालय**

**†1027. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान और विगत वित्त वर्षों के दौरान केरल में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;
(ख) इन नए केन्द्रीय विद्यालयों के लिए किन-किन स्थानों की पहचान की गई है और उनके चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;
(ग) उक्त विद्यालयों को स्थापित करने के लिए कुल कितनी निधि आबंटित की गई है और इनकी संभावित समय-सीमा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने केरल में केन्द्रीय विद्यालयों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) विगत दस वर्षों के दौरान केरल में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ङ) वर्तमान में, केरल में 38 केवि सहित देश भर में 1253 केंद्रीय विद्यालय (केवि) कार्यरत हैं। नए केवि खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय मुख्य रूप से रक्षा एवं अर्धसैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरित होने वाले केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देशभर में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए खोले गए हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता शामिल

है। प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केवि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मानदंडों पर नहीं खोले जाते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) को केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) को खोलने और संचालित करने के लिए तीन अलग-अलग लेखा शीर्ष अर्थात वेतन, सामान्य और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के अंतर्गत अनुदान के रूप में प्रति वर्ष बजटीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। केविसं को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार धनराशि आवंटित नहीं की जाती है। विगत तीन वित्त वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केविसं को आवंटित निधियां निम्नानुसार है: -

**(रूपए करोड़ में)**

| **वर्ष** | **आवंटित धनराशि** |
|---|---:|
| 2021-22 | 6800.00 |
| 2022-23 | 7461.25 |
| 2023-24 | 8500.00 |
| 2024-25 | 8727.00 |

केविसं से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केरल राज्य में विगत दस वर्षों के दौरान केवि कोट्टायम, कुदुरथी (कोट्टायम), केवि नीलेश्वर (कासरगोड) और केवि कोन्नी (पथनामथिट्टा) को स्वीकृत किया गया है और कार्यात्मक बनाया गया है। इसके अलावा, केवि थ्रीक्काकरा (एर्नाकुलम) को मार्च, 2019 में अनुमोदित किया गया था, तथापि, केरल राज्य सरकार द्वारा केविसं के पक्ष में उपयुक्त भूमि, नि:शुल्क और किराया मुक्त अस्थायी आवास का हस्तांतरण नहीं किए जाने के कारण इस विद्यालय को कार्यात्मक नहीं बनाया जा सका। भारत सरकार ने हाल ही में देश भर में सिविल/रक्षा क्षेत्र के तहत **85** नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने और एक मौजूदा केन्द्रीय विद्यालय अर्थात केन्द्रीय विद्यालय शिवमोग्गा**,** जिला शिवमोग्गा**,** कर्नाटक का विस्तार करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है**,** जिसमें केरल में एक केन्द्रीय विद्यालय थोडुपुझा (इदुकी) सहित सभी कक्षाओं में **2** अतिरिक्त सेक्शन जोड़े जाएंगे।

*****